पेज थ्री देहरादून
देहरादून रविवार 3 मई 2020 पेज 8
हमारा दून

जरूरतमंद लोगों को राशन वितरित करते हुए समाजसेवी।



# बिना राशन कार्ड वाले गरीबों व श्रमिकों में 1.33 लाख किट वितरित

योजना

**संवाददाता**

देहरादून। ऐसे गरीब परिवार एवं श्रमिक जिनके पास राशन कार्ड नहीं है तात्कालिक रूप से सभी को निशुल्क राशन का वितरण जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से निरंतर करवाया जा रहा है। जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार आतिथि तक लगभग 1.33 लाख किट वितरित किए जा चुके हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुसार पात्र लाभार्थियों के डाटा डिजिटाइज करते हुए तत्काल राशन उपलब्ध कराने तथा राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत भी अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों के डाटा डिजिटाइज करते हुए तत्काल राशन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें 5073 राशन कार्डो को तत्काल ऑनलाइन करते हुए 18108 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया है।

तत्काल डिजिटलीकरण से 18 हजार से अधिक व्यक्तियों को किया लाभान्वित | राशन की दुकानों पर 23 अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई गई

**आवश्यक वस्तुओं के निर्बाध परिवहन की व्यवस्था**

पेट्रोलियम प्रोडक्ट, एलपीजी एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के वाहनों की निरंतरता तथा निर्बाध परिवहन सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, परिवहन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के समन्वय से आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। आवश्यकता अनुसार अन्य राज्यों से भी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक वस्तुओं की निरंतरता सुनिश्चित की जा रही है। एमआरपी का विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है।

सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के माध्यम से राशन के अतिरिक्त 23 अन्य आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों, असहाय व्यक्तियों एवं बीमार व्यक्तियों को दूरभाष के माध्यम से डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश की आटा मिलो एवं खाद्य तेल मिलो का प्रोडक्शन संचालन नियमित किया जा रहा है। गेहूं की खुले बाजार में कमी होने पर एफसीआई के माध्यम से उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**जन आपूर्ति एपः** नगरीय क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के व्यापारियों के साथ समुद्र में स्थापित करते हुए आवश्यक वस्तुओं की होम डिलीवरी करवाई जा रही है। जिसके लिए बड़े बड़े प्रतिष्ठानों के दूरभाष नंबर एवं मोबाइल ऐप प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। प्रतिदिन इनके द्वारा लगभग 500 से 600 होम डिलीवरी की जा रही है।

**सब्जियों, फलों व दूध की उपलब्धता सुनिश्चितः** मंडी समितियों एवं डेयरी विभाग के माध्यम से सब्जी फलों एवं दूध की उपलब्धता को नियमित रूप से मॉनिटर किया जा रहा है।

**मूल्य नियंत्रण केन्द्रः** चार मूल्य नियंत्रण केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जिला अधिकारियों द्वारा खाद्यान्न की वस्तुओं के मूल्य निर्धारित किए जा रहे हैं। खुले बाजार में स्टॉक पर नजर रखी जाती है।

**गेहूँ खरीद की प्रक्रिया शुरूः** वर्तमान परिपेक्ष में किसानों की स्थिति एवं फसलों के तैयार होने के दृष्टिगत रबी खरीद सत्र 2020–21 में गेहूं खरीद 15 अप्रैल से प्रारंभ की जा चुकी है। सरकार द्वारा इसके लिए 35 करोड़ रूपए की राशि जारी की जा चुकी है। आतिथि तक राज्य में 1.29 हजार कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही ई–खरीद पोर्टल पर ऑनलाइन टोकन की भी सुविधा दी जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुकान में चोरी की शहर कोतवाली में तहरीर

**संवाददाता** देहरादून। पल्टन बाजार स्थित चांदनी चौक कलेक्शन के स्वामी मनोज कुमार गुप्ता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है ओर कहा कि उनकी दुकान का दरवाजा तोड़कर चोरी की गई है और कई सामान चोरी किया गया है। शहर कोतवाली थाना प्रभारी के नाम लिखी गई तहरीर में उन्होंने कहा कि वह दो मई की सुबह दुकान का ताला चौक करने आये थे और दुकान खोलन पर सारा सामान अस्त व्यस्त पाया तो छानबीन की और ऊपर जाकर देखा की जीने का दरवाजा टूटा पाया गया और गल्ला चैक करने पर पाया कि पन्द्रह हजार रूपये नकद चोरी हो गये।

### अनदेखी पर लैब टैक्नीशियन कल से करेंगें भूख हड़ताल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी दी है ओर कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाये। एसोसिएशन के महामंत्री मनोज मिश्रा ने बताया कि देश प्रदेश में चल रही कोरोना महामारी के समय अनट्रेन लैव टेक्निशियन निकाल रहे है कोरोना संदिग्ध मरीजों का बिलड सैम्पल, जो पूर्ण रूप से गलत है। सरकार और स्वास्थ्य महानिदेशक को कही बार कर चुके है शिकायत लेकिन विभाग सुनने को तैयार नही है और उन्होंने कहा कि 3 मई से प्रदेश भर के लैब टेक्नीशियन भूख हड़ताल करेंगें और अस्पताल में आने वाले कोरोना संदिग्ध मरीजों का सैंपल नहीं लिया जाएगा।

### जरूरतमंद लोगों को वितरित किया गया राशन

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व सांसद व पूर्व मेयर स्वर्गीय मनोरमा शर्मा डोबरियाल की बहनों व भारती प्रकृति संस्था से जुड़ी हुई बीना शर्मा व पूनम डोबरियाल ने जरूरतमंद लोगों को राशन वितरित किया। इस अवसर पर यहां वार्ड 81 रेसकोर्स सी ब्लॉक में कांग्रेस नेत्री पुष्पा पंवार के सहयोग से बीना शर्मा व पूनम डोबरियाल ने जरूरतमंदों को राशन वितरित किया।

### सर्व महिला शक्ति समिति ने दिया कोरोना वारियर सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। सर्व महिला शक्ति समिति जो कि पिछले कई दिनों से जरूरतमंद लोगों की राशन बांट कर मदद कर रही थी ने लोगों की सेवा कर रहे लोगों को कोरोना वारियर सम्मान दे कर सम्मानित किया। इस बारे में सर्व महिला शक्ति समिति की अध्यक्ष शिवानी कौशिक गुप्ता ने कहा कि ये वक्त लोगों की सेवा करने का है और संस्था की ओर से कई दिनों से कच्चा राशन सेनेटरी पैड्स, सैनिटाइजर, मास्क आदि बांटे जा रहे है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने जवानों के शहीद होने पर जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने श्रीनगर के बारामूला में पाकिस्तान से हुई गोलीबारी में भारतीय सेना के दो जवानों के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने शहीद हुए कुमाऊं रेजिमेंट के जवान शंकर सिंह महरा एवं जवान करण सिंह चुफाल की शहादत पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त की है।

अग्रवाल ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमे अपने जवानों की बहादुरी पर गर्व है। जवानों ने दुश्मनों से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर किया। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने जवानों के हौसले को नमन करते हुए कहा कि वह शहीदों के परिजनों के साथ दृढ़ता के साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि जानकारी के मुताबिक बीते रोज श्रीनगर के बारामूला में पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी का जवाब देते हुए कुमाऊँ रेजीमेंट में तैनात जवान शंकर सिंह माहरा और करण सिंह चुफाल शहीद हो गए।कुमाऊँ रेजीमेंट में रहने वाले यह दोनों जवान पिथौरागढ़ जिले के हैं।

# परिवहन निगम की बसों से पौड़ी के 113 लोग दून से रवाना

रवाना

- बसों से पौड़ी के 113 लोगों को मसूरी विधायक गणेश जोशी ने किया रवाना

देहरादून। **संवाददाता**

देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने राजपुर के जीआरडी कॉलेज से पौड़ी के लिए 4 बसों को रवाना किया। इन 4 बसों के माध्यम से पौड़ी जनपद के 113 लोगों को देहरादून से भेजा गया है। विधायक गणेश जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद देहरादून और पौड़ी प्रशासन के मध्य वार्ता के उपरान्त सभी लोगों की चिकित्सकीय परीक्षण के बाद अपने–अपने घरों के लिए भेज दिया गया है।

विधायक जोशी ने बताया कि इसमें अधिकांश विद्यार्थी थे। उन्होंने बताया कि सभी लोगों के लिए भोजन के पैकेट एवं पानी की व्यवस्था भी की गयी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजपुर अशोक राठौर, पूर्व पार्षद मंजीत रावत, दीपक अरोड़ा, विशाल कुल्हान आदि उपस्थित रहे।




बसों से पौड़ी के 113 लोगों को रवाना करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।

**जाखन में 1600 पैकेट भोजन का किया वितरण**

देहरादून। विधायक गणेश जोशी ने बताया कि शनिवार को मोदी किचन के माध्यम से मसूरी विधानसभा क्षेत्र के डोभालवाला में 350 पैकेट, राजपुर में 1700 पैकेट, मसूरी में 800 पैकेट, गढ़ी कैंट 600 पैकेट एवं जाखन में 1600 पैकेट भोजन का वितरण किया गया। विधायक जोशी ने बताया कि मोदी किचन के माध्यम से अब तक दो लाख पचास हजार लोगों को भोजन प्रदान किया जा चुका है।

## पर्यटन मंत्री ने किया राशन सामग्री वाहन का फ्लैग ऑफ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं पर्यटन मंत्री श्री सतपाल महाराज ने शनिवार को श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति एवं श्री बाबा केदारनाथ धाम सेवा समिति द्वारा रुद्रप्रयाग (केदारनाथ) हेतु दी गई राशन सामग्री वाहन का फ्लैग ऑफ मुख्यमंत्री आवास से किया।

श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति एवं श्री केदारनाथ धाम सेवा समिति द्वारा पिछले 3 वर्षों से केदारनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए लगातार 51 दिनों तक भंडारा दिया जाता था। इस वर्ष कोविड–19 के दृष्टिगत इन दोनों समितियों ने रुद्रप्रयाग (केदारनाथ) के लिए 1008 राशन किट दिए हैं। इस अवसर पर वन मंत्री डॉ हरक सिंह रावत, विधायक श्री खजान दास, श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति अलवर से श्री मनोज शर्मा, श्री बाबा केदारनाथ धाम सेवा समिति अलवर से श्री जय शिव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।